भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

भाषा प्रभाग

## निदेशक, केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के पद के लिए विज्ञापन।

केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का अधीनस्थ कार्यालय है, में पे-लेवल-14 में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निदेशक का पद भरने के लिए नीचे उल्लिखित योग्यताएं और अनुभव रखने वाले पात्र उम्मीदवारों से एंप्लॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में प्रकाशित निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइट www.education.gov.in और केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर की वेबसाइट www.ciil.org से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

वेतनमान : पे-मैट्रिक्स (144200-218200 रूपए) में पे-लेवल 14

भर्ती का प्रकार : प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित)

प्रतिनियुक्ति की अवधि : प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालीन अनुबंध सहित) सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी जिसमें, इसी या किसी अन्य संगठन या केन्द्र सरकार के विभागों में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित अन्य बाह्य संवर्ग पद में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) की अवधि शामिल है।

आयु सीमा : प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति की अधिकतम आयु-सीमा (अल्पकालीन संविदा सहित) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख की स्थिति के अनुसार 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी। [आवेदकों की आयु की गणना एंप्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशित पद के विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख के अनुसार होगी]।

चयन का क्षेत्र : प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित)

केन्द्र या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त शोध संस्थाओं या सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों के अधिकारी:

(क) (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में समकक्ष पद पर नियमित आधार पर तैनात हैं;

अथवा

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में 131100-216600 रूपए के पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल 13ए में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो या;

अथवा

(iii) जिन्होंने, मूल संवर्ग या विभाग में पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल-13 अथवा समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो;

और

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव रखते हों :

अनिवार्य योग्यताएं और अनुभव

(i) भाषा विज्ञान या अनुप्रयुक्त भाषा विज्ञान या नृविज्ञान भाषा विज्ञान या सामाजिक भाषा विज्ञान या किसी एक भारतीय भाषा में अभिकलनात्मक भाषा विज्ञान में डॉक्टरेट डिग्री के साथ संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भारतीय भाषा (भाषा विश्लेषण पर केन्द्रित) में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातकोत्तर डिग्री; या

स्नातकोत्तर स्तर पर भाषा विज्ञान एक पत्र के साथ संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भारतीय भाषा में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से डॉक्टरेट; या

स्नातकोत्तर स्तर पर भाषा विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के साथ संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी भारतीय भाषा में मान्यता प्राप्त संस्थान से डॉक्टरेट।

(ii) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव, जिसमें किसी शैक्षिक संस्थान में तीन वर्ष का प्रशासनिक अनुभव होना चाहिए:

वांछनीय : (i) भाषा विज्ञान या भाषाओं में प्रकाशित अनुसंधान कार्य।

(ii) उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विषय के रूप में एक से अधिक भारतीय भाषाएं पढ़ी हों।

(iii) मुख्य विषय के अतिरिक्त संस्कृत या किसी अन्य भारतीय भाषा का ज्ञान।

| | |
|---|---|
| अंतिम तारीख | सभी दृष्टि से पूर्ण और संबंधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/विभाग इत्यादि द्वारा उचित माध्यम से अग्रेषित विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में उपर्युक्त पद के लिए विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **साठ (60) दिनों** के भीतर **श्रीमती सुमन दीक्षित निदेशक, भाषा प्रभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय कमरा नंबर 525 सी-विंग शास्त्री भवन नई दिल्ली - 110001** के पास पहुंच जाना चाहिए। |
| टिप्पणी – 1 | जो अभ्यर्थी केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी निकाय/संघ राज्य क्षेत्र अथवा अन्य शासकीय निकायों में सेवारत हैं, उन्हें अपना आवेदन उचित माध्यम से सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र एवं इस आशय का प्रमाण पत्र कि उनके विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई न तो चल रही है और न ही लंबित है, के साथ भेजना चाहिए। आवेदन के साथ पिछले 5 वर्षों के ए.सी.आर. की सत्यापित फोटोप्रतियां भी अग्रेषित की जाएं। |
| टिप्पणी -2 | आवेदन प्रपत्र सहित और अधिक ब्यौरा प्राप्त करने हेतु उम्मीदवार दिनांक .............मार्च, 2025 के एम्प्लॉयमेंट न्यूज तथा रोजगार समाचार में प्रकाशित उपर्युक्त पद हेतु विज्ञापन देख सकते हैं। |

...............................

## निदेशक, सीआईआईएल, मैसूर के पद के लिए आवेदन–प्रपत्र

| फोटो |
|---|

1. नाम एवं पता (साफ अक्षरों में)........................................................
2. जन्म तिथि (ईसवी सन् में) ....................................
3. केंद्र / राज्य सरकार के नियमानुसार सेवानिवृत्ति की तिथि

.................................................................................................

4. शैक्षणिक अर्हताएँ

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

5. क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएँ पूरी करते हैं। (यदि कोई ऐसी अर्हता हो, जो नियम में उल्लिखित अर्हता के समकक्ष हो, इसके लिए प्राधिकारी का उल्लेख करें)

| | अपेक्षित अर्हताएँ / अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हताएँ / अनुभव (आवेदन के साथ प्रमाण–पत्रा की अभिप्रमाणित फोटोप्रतियां संलग्न करें) |
|---|---|---|
| अनिवार्य (1)<br>(2)<br><br>वांछनीय (1)<br>(2)<br>(3) | | |

6. कृपया स्पष्ट उल्लेख करें कि आपके द्वारा प्रस्तुत प्रविष्टियों की दृष्टि से क्या आप .................. ..................... पद के लिए अपेक्षित योग्यताएँ पूरी करते हैं।

7. नियोजन का कालक्रमानुसार विवरण। अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवित अधिप्रमाणित पत्रक (शीट) अलग से संलग्न करें।

| कार्यालय / संस्थाएं | पद का नाम | से | तक | वेतनमान एवं मूल वेतन | कार्य–का स्वरूप (विस्तारपूर्वक) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. वर्तमान नियोजन की प्रकृति यथा–तदर्थ अथवा अस्थाई अथवा अर्धस्थाई या स्थाई :

9. वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर होने की दशा में उल्लेख करें :

क) प्रथम नियुक्ति की तिथि :

ख) प्रतिनियुक्ति / संविदा पर नियुक्ति की अवधि :

ग) आप जिस मूल कार्यालय अथवा संस्था से सम्बद्ध हैं, उसका नाम :

10. वर्तमान नियोजन के संबंध में अतिरिक्त ब्यौरा, निम्नलिखित में से किसके अधीन आप कार्यरत हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता के नाम का उल्लेख करें) :

केन्द्र सरकार :

राज्य सरकार :

स्वायत्त संगठन :

सरकारी उपक्रम :

विश्वविद्यालय :

अन्य :

11. कृपया उल्लेख करें कि क्या आप उसी विभाग में कार्यरत हैं? :

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हॉ, तो संशोधन की तिथि का उल्लेख करें और पूर्व संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें :

13. वर्तमान में प्रतिमाह प्राप्त होने वाली कुल परिलब्धियॉ :

14. अतिरिक्त जानकारी यदि कोई हो, जिसका इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के संदर्भ में आप उल्लेख करना चाहते हैं। (अन्य बातों के साथ–साथ ये सूचनाऍ अग्रलिखित के संदर्भ में दी जा सकती हैं – (i) अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हताऍ, (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं (iii) रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन में निर्धारित अनुभव के अलावा कार्य अनुभव (टिप्पणी : स्थान पर्याप्त न होने पर अलग से पत्रक (शीट) संलग्न करें) :

15. क्या आप अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं :

16. टिप्पणी (अभ्यर्थी द्वारा अग्रलिखित के संदर्भ में सूचनाएँ दी जा सकती हैं– (i) शोध प्रकाशन तथा रिपोर्टें एवं विशिष्ट परियोजनाएँ, (ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/कार्यालयी सराहना, (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/सोसाइटियों से सम्बद्धता, और (iv) कोई अन्य सूचना (टिप्पणी : स्थान पर्याप्त न होने पर अलग से पत्रक (शीट) संलग्न करें) :

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लिया है और मैं यह भली भाँति जानता हूँ कि इस पद के लिए चयन के समय मेरे द्वारा प्रस्तुत विधिवत् रूप से दस्तावेजों से पुष्ट व्यक्तिगत विवरण का चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जाएगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता/मोबाइल/ई–मेल

................................

................................

................................

दिनांक : ..........................

## नियोक्ता द्वारा अग्रेषित नोट

प्रमाणित किया जाता है कि :

1) उपर्युक्त प्रोफार्मा में दी गई जानकारी आवेदक के सेवा रिकार्डों के अनुसार सही है।

2) आवेदक के विरूद्ध सतर्कता संबंधी कोई मामला नहीं है।

3) आवेदक की सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

4) पिछले दस (10) वर्षों के दौरान आवेदक पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगायी गई है।

5) आवेदक के संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी ने उक्त पद के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को अनुमति दे दी है।

6) आवेदक ने अपने आवेदन–पत्र के साथ मैट्रिकुलेशन/कक्षा–X के प्रमाणपत्र से लेकर सभी अपेक्षित विवरण/प्रमाणपत्र/डिग्रियों आदि की अधिप्रमाणित प्रतिलिपियां संलग्न की हैं।

7) इस आवेदन को अग्रेषित करते समय आवेदक के पिछले पांच (5) वर्ष की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट की सत्यापित प्रतियां संलग्न हैं।

नियोक्ता की ओर से प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित

....................................

....................................

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता की मुहर)

स्थान : ........................
दिनांकः ......................